TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

10 अगस्त 2024


# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

नकारत्मक लोगों से दूर रहें उनके पास हर समाधान के लिए एक समस्या है।

**अल्बर्ट आइंस्टीन**



राकेश कुमार

Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 10 अगस्त

1. **जैव ईंधन दिवस–** अनवीनीकृत ऊर्जा के जीवाश्म ईंधनों (कोयला, पेट्रोलियम) की तेजी से घटती मात्रा के कारण 'जैव ईंधन' जैसे कि इथेनॉल आज ऊर्जा का बेहतर विकल्प के रूप में उभर कर आ रहा है। समाज में इस पर्यावरणीय हितैषी ईंधन की उपयोगिता के विषय में जागरूकता लाने के लिए प्रतिवर्ष 10 अगस्त को 'जैव ईंधन दिवस' के रूप में मनाया जाता है।
   - संदर्भः वर्ग आठ की पुस्तक **विज्ञान भाग 3**, पाठ 9 **'ईंधन'**
2. **डेंगू निरोधक दिवस–** डेंगू एक जानलेवा संक्रामक बीमारी है। यह रोग वायरस के द्वारा होता है। इस रोग के वाह 'एडीज मच्छर' होते हैं जिसके काटने से डेंगू बीमारी होती है। प्रतिवर्ष 10 अगस्त को डेंगू के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने हेतु तथा इसके प्रति लोगों को सचेत रहने के लिए 'डेंगू निरोधक दिवस' मनाया जाता है। बरसात के मौसम में यह ज्यादा होता है। तीव्र बुखार, जोड़ों, मांसपेशियों और शरीर में दर्द इसके प्रमुख लक्षण हैं।
3. **श्यामलाल गुप्त 'पार्षद' का निधन–** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक महत्वपूर्ण सेनानी, पत्रकार, समाजसेवी एवं अध्यापक श्यामलालगुप्त 'पार्षद' का निधन 10 अगस्त, 1977 ई. को हुआ था। उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झण्डा ऊँचा रहे हमारा' गीत की रचना की थी। उन्हें वर्ष 1969 में भारत सरकार द्वारा पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया था।
4. **इक्वाडोर की स्वतंत्रता दिवस–** इक्वाडोर गणराज्य, दक्षिण अमेरिका का एक देश है। भूमध्य रेखा इक्वाडोर को दो भागों में विभाजित करती है जिसके आधार पर इसका नामकरण किया गया। 1533 में स्पेन द्वारा विजय के पूर्व यह इंका साम्राज्य का एक भाग था। वर्ष 1809 में इसे स्पेन से स्वतंत्रता प्राप्त हुई। इसकी राजधानी क्विटो है।
5. **हरिशंकर परसाई का निधन–** हिन्दी के प्रसिद्ध लेखक और व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई का निधन 10 अगस्त, 1995 ई. को जबलपुर, मध्यप्रदेश में हुआ था। वे हिन्दी के प्रथम रचनाकार हैं जिन्होंने व्यंग्य को विधा का दर्जा दिलाया। हरिशंकर परसाई की यह विशेषता थी कि वे अपने लेखन से समाज में फैले भ्रष्टाचार, ढोंग, अवसरवादिता, अंधविश्वास, साम्प्रदायिकता आदि को उजागर करते थे।
6. **विश्व सिंह दिवस–** शेरों की घटती जनसंख्या को देखते हुए उनकी संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 10 अगस्त को विश्व सिंह दिवस मनाया जाता है। भारत के गुजरात राज्य में गिर अभ्यारण्य में करीब 600 शेर पाये जाते हैं। इस अभ्यारण्य में रहने वाले 'एशियाटिक शेर' पूरे एशिया महाद्वीप मे सर्वाधिक यहीं पर हैं।


Saturday

# दिवस विशेष

10 अगस्त

मधु प्रिया


## हरिशंकर परसाई का निधन 10 अगस्त



हरिशंकर परसाई का जन्म 22 अगस्त, 1922, होशंगाबाद, मध्य प्रदेश में हुआ था। हरिशंकर परसाई हिंदी के प्रसिद्ध लेखक और व्यंगकार थे। उनका जन्म जमानी, होशंगाबाद, मध्य प्रदेश में हुआ था। वे हिंदी के पहले रचनाकार हैं जिन्होंने व्यंग्य को विधा का दर्जा दिलाया और उसे हल्के–फुल्के मनोरंजन की परंपरागत परिधि से उबारकर समाज के व्यापक प्रश्नों से जोड़ा। उनकी व्यंग्य रचनाएँ हमारे मन में गुदगुदी ही पैदा नहीं करतीं बल्कि हमें उन सामाजिक वास्तविकताओं के आमने–सामने खड़ा करती है, जिनसे किसी भी और राजनैतिक व्यवस्था में पिसते मध्यमवर्गीय मन की सच्चाइयों को उन्होंने बहुत ही निकटता से पकड़ा है। सामाजिक पाखंड और रूढ़िवादी जीवन–मूल्यों के अलावा जीवन पर्यन्त विस्ल्लीयो पर भी अपनी अलग कोटिवार पहचान है। उड़ाते हुए उन्होंने सदैव विवेक और विज्ञान–सम्मत दृष्टि को सकारात्मक रूप में प्रस्तुत किया है। उनकी भाषा–शैली में खास किस्म का अपनापन महसूस होता है कि लेखक उसके सामने ही बैठे हैं। ठिठुरता हुआ गणतंत्र की रचना हरिशंकर परसाई ने की जो एक व्यंग्य है।। इनकी मृत्यु 10 अगस्त, 1995, में हुई।

# जयंती विशेष 10 अगस्त

राकेश कुमार




**वराहगिरी वेंकट गिरी** या **वी वी गिरी** (10 अगस्त 1894 - 24 जून 1980) भारत के राजनेता एवं देश के तीसरे उपराष्ट्रपति तथा चौथे राष्ट्रपति थे। उनका जन्म ब्रह्मपुर, ओड़िशा में हुआ था। उन्हें 1975 में भारत के सर्वोच्च नागरिक अलंकरण भारत रत्न से सम्मानित किया गया। वी वी गिरी भारत के प्रथम कार्यवाहक राष्ट्रपति थे।

# Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 10.08.2024

## सूक्ष्म शिक्षण कौशल कितने होते हैं?

**ध्यान केंद्रित किए गए कौशल के आधार पर माइक्रो-शिक्षण के विभिन्न प्रकार हैं, जैसे स्पष्टीकरण, प्रश्न पूछने, सुदृढ़ीकरण, बोर्ड कार्य आदि का कौशल। एक अन्य वर्गीकरण उपयोग किए गए फीडबैक तंत्र पर आधारित हो सकता है, जैसे सहकर्मी समीक्षा, वीडियो फीडबैक या आत्म-मूल्यांकन।**

**TOB** बूझो तो जानें..



446

लगातार ही खाता जाता, ठूंस ठूंस कर माल पचाता, सौ किलो से पेट भर जाता, तब वह अपना मुंह सिलवाता ... बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 446

09 अगस्त 1945 को जापान के नागासाकी पर गिरने वाले बम का वजन कितना था ?

A. 3600 kg

B. 3750 kg

C. 4000 kg

D. 4500 kg



www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: D

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**आईआईटी इंदौर** के छात्रों ने **भारतीय सेना** के लिए एक हाइ टेक जूता बनाया है। इन जूतों की मदद से **बिजली** उत्पन्न करने में आसानी होगी साथ ही जूतों से **जवान** के **रियलटाइम लोकेशन** का पता भी चल पाएगा।

स्रोत:
दैनिक भास्कर

# TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## ओलम्पिक से

**26 जुलाई से 11 अगस्त**

**पेरिस ( फ़्रांस )**

**जेवलिन थ्रोअर नीरज ने पेरिस में सिल्वर जीता:** 2 ओलिंपिक में मेडल जीतने वाले तीसरे भारतीय; 12 की उम्र में पकड़ा था भाला



# ToB बालमन विशेषांक

[साप्ताहिक]

## विषय : विज्ञान

## धातु से संबंधित जानकारी

- सबसे हल्की धातु है - लिथियम
- सबसे भारी धातु है - ओसमियम
- सबसे कठोर धातु है - प्लेटिनम
- द्रव के रूप में धातु - पारा/मर्करी
- विद्युत का सर्वश्रेष्ठ चालक धातु - चांदी
- संक्षारण से मुक्त धातु - सोना, प्लेटिनम
- केरोसिन तेल में डूबा कर रखा जाने वाला धातु- सोडियम



धीरज कुमार
प्रधान संपादक
ToB बालमन पत्रिका

www.teachersofbihar.org

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

हिन्दी ,संस्कृत के विद्वान,
साहित्यिक इतिहासकार,
निबंधकार और आलोचक

# बलदेव उपाध्याय

की जयंती पर सादर
नमन।



जन्म-10 अक्टूबर 1899
मृत्यु-10 अगस्त 1999

Madhu priya

/teachersofbihar

10 अगस्त



भारत के पूर्व राष्ट्रपति, भारत रत्न

**वराहगिरी वेंकट गिरी**

की जयंती पर उन्हें शत्-शत् नमन

10 अगस्त 1894 - 24 जून 1980

Punita Kumari




TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
10 अगस्त
पद्म
भूषण
हिंदी और संस्कृत के प्रसिद्ध विद्वान
पद्म भूषण
आचार्य बलदेव उपाध्याय
की पुण्यतिथि पर उन्हें शत्-शत् नमन
10 अक्टूबर 1899 - 10 अगस्त 1999
www.teachersofbihar.org
Punita Kumari


10 अगस्त
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
विश्व
जैव ईंधन
दिवस
के अवसर पर धरती के संरक्षण के लिए गैर-जीवाश्म
ईंधनों के उपयोग को बढ़ावा देने और लोगो को
इसके प्रति जागरूक करने का
संकल्प लें
BIOFUEL
पुनीता कुमारी
www.teachersofbihar.org



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
विश्व जैव ईंधन दिवस
10 अगस्त
विश्व जैव ईंधन दिवस के
अवसर पर हम गैर-जीवाष्म
ईंधनों का इस्तेमाल करने व
इसके प्रति लोगों को जागरूक
करने का संकल्प लें।
Madhu priya
www.teachersofbihar.org



हिन्दी के प्रसिद्ध उपन्यासकार एवं लेखक

# हरिशंकर परसाई

की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।



जन्म- 22 अगस्त 1924 -मृत्यु - 10 अगस्त 1995

Madhu priya

www.teachersofbihar.org